# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆**थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक पथरा बाजार के नेतृत्व में आज दिनांक 02.06.2025 को वाद संख्या** 45 / 2011 **धारा** 498 (a)304 (b) IPC **से सम्बंधित वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**वारंटी का विवरण-**

01.**श्रीपति त्रिपाठी पुत्र राम फेर त्रिपाठी निवासी ग्राम बिलवट थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.**प्र0नि0 भाग्यवती पाण्डेय थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.का0 अमरेंद्र यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.का0 अनुपम मौर्या थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक **02.06.2025** को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 03 भुमि विवाद व 03 मारपीट तथा शेष 13 अन्य से संबन्धित थें । प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 02.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.06.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना-क्षेत्र सिद्धार्थनगर मे राजकीय उद्यान, बुद्ध वन बिहार, तेतरी बाजार, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

02.महिला मुख्य आरक्षी सुनीता एंटी रोमियो स्क्वायड।

03 महिला मुख्य आरक्षी कंचन एंटी रोमियो स्क्वायड।

04.आरक्षी श्री प्रकाश चौरसिया एंटी रोमियो स्क्वायड।

प्रेस नोट दिनांक 02.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर" में जनपद के समस्त थानों से उपस्थित "डिजिटल वॉरियर्स" के साथ में गोष्ठी किया गया।**

**◆गोष्ठी कर डिजिटल वॉरियर्स को साइबर अपराधों, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और फेक न्यूज आदि के बारे मे जागरुक किया गया।**

पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में जनपद के समस्त थानों से आए "डिजिटल वॉरियर्स" ने भाग लिया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य डिजिटल वॉरियर्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और फेक न्यूज को रोकने में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करना तथा समाज में साइबर जागरूकता अभियान को गति प्रदान करना है। पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए डिजिटल वॉरियर्स की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग से न केवल सामाजिक सौहार्द को खतरा उत्पन्न होता है, बल्कि व्यक्तिगत और आर्थिक नुकसान भी बढ़ रहा है। डिजिटल वॉरियर्स को समाज का एक जिम्मेदार हिस्सा बताते हुए उन्होंने अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और समाज को सुरक्षित बनाने में योगदान दें। इस तरह के प्रयास न केवल साइबर अपराधों को कम करने में सहायक होंगे, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ाएंगे। इनका दायित्व है कि वे अफवाहों को रोकें, फेक न्यूज को पहचानें और बिना सत्यापन के किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा न करें। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। गोष्ठी में उपस्थित डिजिटल वॉरियर्स को अपने कर्तव्यों का पालन करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही पुलिस के सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने और आम जनता को साइबर अपराधों से बचाने में सहयोग करने का आह्वान किया गया तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा साइबर जागरूकता हेतु Cyber Dost नाम से संचालित किए जा रहे X(ट्विटर), फेसबुक एवं इंस्टाग्राम अकाउंट एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के अकाउंट @UPPolice के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 02.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना जोगिया उदयपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 02.06.2025 को वाद सं0 247/2023 मु0अ0सं0 68/2019 धारा 376 ए बी भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना जोगिया उदयपुर मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार एएसजे, एसपीसी, पॉक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त शमशाद उर्फ मोलहु पुत्र उस्मान निवासी अहड़ी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 376 ए बी भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट मे 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार पाठक तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी अशोक यादव थाना जोगिया उदयपुर का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट- दिनांक 02.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆ **जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 02.06.2025 को क्षेत्राधिकारी/ प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रूट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हॉट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।